THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI SOMPAL): (a) and (b) Yes, Sir. The Brahmaputra Board has prepared Master Plans in three parts namely, Master Plan Part-I for mainstem of Brahmaputra, Master Plan Part-II for Barak river and tributaries and Master Plan Part-III for thirty nine tributaries of Brahmaputra and eight rivers of Tripura for flood management in Brahmaputra & Barak Valleys. The Master Plans envisage storage dams, embankments, anti erosion measures, town protection works and schemes to prevent drainage congestion covering the flood prone areas in the North East.

(c) The Master Plans have been sent to the North Eastern States for implementation of approved schemes by the State Governments from the funds allocated under State Flood Control Sector by the Planning Commission, and also from the funds provided by the Centre to the Government of Assam as Central Assistance.

नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड

465. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड (एन०पी०सी०सी०) के कर्मचारियों को पिछले चार से इक्कीस महीनों के वेतन एवं भत्तों का भुगतान नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह भी सच है कि निगम की पुनरुद्धार योजना के गत वर्षों से सरकार के पास लंबित होने के कारण नए कार्य मिलने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि हां, तो एन०पी०सी०सी० के कर्मचारियों को वेतन के शीघ्र भुगतान हेतु सरकार क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है; और

(घ) पुनरुद्धार योजना को क्रियान्वित करने हेतु सरकार क्या-क्या कदम उठाने का विचार रखती है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) जी, हां। एन०पी०सी०सी० लगभग 1100 कर्मचारियों, जिसमें से अधिकतर बंद पड़ी इकाइयों में नियुक्त हैं, को विभिन्न अवधियों के लिए वेतन/भत्तों का भुगतान नहीं कर रही है।

(ख) एन०पी०सी०सी० सार्वजनिक क्षेत्र का एक रुग्ण उपक्रम है तथा इसे वर्ष 1989 से उच्च रोजगार लागत, अधिशेष श्रम शक्ति, ऋणों पर ब्याज के बोझ, परियोजना प्राधिकारियों से बकाया देयों की कम वसूली तथा अपर्याप्त निधियों को अर्जित करने के कारण इसे भारी घाटा हो रहा है।

(ग) और (घ) भावी कार्य प्रणाली के विकल्पों को तैयार किया गया है। यह मंत्रालय/भत्तों के सांविधिक देयों का भुगतान करने के लिए नेशनल प्रोजेक्टस कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड को ऋण सहायता उपलब्ध करा रहा है।

12.00 NOON

PAPERS LAID ON THE TABLE

SHRI SATISHCHANDRA SITARAM PRADHAN (Maharashtra): Sir, on the earlier question....

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over now. Shri Sompal.

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिम बंगाल): सभापति महोदय, सोमपाल जी जो पेपर ले कर रहे हैं, उसके बारे में मेरा एक प्वाइंट है।

†श्री मोहम्मद सलीम: सभापति महोदय - सोमपाल जी जो पेपर ले कर रहे हैं उसके बारे में मेरा एक प्वाइंट है।

Sir, the Agriculture Minister is going to lay the papers on the Table regarding the increase in the price of urea.

इस वृद्धि के विरोध में रूलिंग कोलीशन के एक पार्टनर ने पब्लिक मीटिंग कर के सपोर्ट विदड्रा की है। इस सिलसिले में मंत्री जी जब पेपर ले कर रहे हैं तो उसके साथ उनका... (व्यवधान)

---

†[ ]Transilteration in Arabic Script